# Practice Paper

## Subject : Accountancy

## Class-XI

Time : 3 Hours | Maximum Marks : 90

समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 90

**General Instructions :**

(i) This question paper consists of two parts : A and B. Both are compulsory. Total number of questions is 24.

(ii) Attempt all parts of a particular question at one place.

**सामान्य निर्देश :**

(क) यह प्रश्न पत्र दो भागों में विभक्त है। 'अ' तथा 'ब'। दोनों भाग अनिवार्य हैं। कुल प्रश्न 24 है।

(ख) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

### Part 'A' (Financial Accounting - I)

### भाग 'अ' (वित्तीय लेखांकन - I)

1. Name any two internal users of accounting information. 1

. लेखांकन सूचनाओं के किन्हीं दो आंतरिक प्रयोगकर्ताओं के नाम बताइए।

2. Write any one limitation of accounting. 1

. लेखांकन की कोई एक सीमा बताइए।

3. Name the reserve that can be used in distribution of dividend.

. उस संचय का नाम लिखिए जिसका प्रयोग लाभांश वितरण हेतु किया जा सकता है। 1

4. An old machinery was sold to Manish for ₹56,000. name the book in which this entry will be recorded. 1

मनीष को एक पुरानी मशीनरी ₹56,000 में बेची गई, उस पुस्तक का नाम लिखिए जिसमें इसकी प्रविष्टि की जाएगी।

5. Show an accounting equation on the basis of the following transactions : 3

(i) Started business with cash ₹80,000 and goods ₹70,000.

(ii) Withdrew cash for personal use ₹20,000.

(iii) Bought furniture for ₹15,000 on credit and paid salaries ₹3,000.

निम्नलिखित लेन–देनों के आधार पर एक लेखांकन समीकरण तैयार कीजिए।

(I) ₹80,000 नकद एवं ₹70,000 के माल से व्यवसाय आरंभ किया।

(ii) व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹20,000 निकाले।

(iii) ₹15,000 का फर्नीचर उधार खरीदा और वेतन के ₹3,000 दिए।

6. What is meant by Accrual Basis of Accounting? Give any two advantages of Accrual basis of Accounting. 1+2=3

लेखांकन के उपार्जन आधार का क्या अर्थ है? उपार्जन आधार के किन्ही दो लाभों को बताइए।

7. Journalise the following transactions in the books of Saurabh : 3

(i) Paid ₹12,000 for rent.

(ii) Received ₹15,000 from insurance company against a claim ₹20,000 for loss by fire.

(iii) Paid for installation of machinery ₹17,000.

सौरभ की पुस्तकों में निम्नलिखित लेन–देनों की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए –

(I) ₹12,000 किराया का भुगतान किया।

(ii) आग से नुकसान से सम्बन्धित ₹20,000 के एक दावे के सम्बन्ध में बीमा कम्पनी से ₹15,000 प्राप्त किए।

(iii) मशीन की स्थापना के सम्बन्ध में ₹17,000 दिए।

8. State whether the following accounts will indicate a debit or credit balance : 3

| | |
|---|---|
| (I) Drawing | (ii) Advance Rent Received |
| (iii) Bad Debts | (iv) Sales Return |
| (v) Furniture | (vi) Bank Overdraft |

निम्न खातों के बारे में बताइए कि इनका शेष, नाम शेष होगा या जमा शेष –

| | |
|---|---|
| (I) आहरण | (ii) अग्रिम किराया प्राप्ति |

(iii) अशोध्य ऋण (iv) विक्रय वापसी

(v) फर्नीचर (vi) बैंक अधिविकर्ष

9. State the following : 4

(i) Depreciation (ii) Revenue

(iii) Trade Discount (iv) Current Assets

निम्नलिखित को स्पष्ट कीजिए–

(i) ह्रास (iii) आगम

(iii) व्यापारिक छूट (iii) चालू सम्मपत्तियाँ

10. From the following information, prepare Bank Reconciliation Statement as on 31st March, 2016 : 4

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (I) | Bank overdraft as per Cash Book | 1,70,000 |
| (ii) | Directly deposited to the bank by Sudhir (customer) | 12,000 |
| (iii) | Cheques issued but not presented by payment | 83,000 |
| (iv) | Cheques entered in Cash book but not banked | 42,000 |

निम्नलिखित जानकरी के आधार पर 31 मार्च, 2016 पर बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए –

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | रोकड़ बही के अनुसार बैंक अधिविकर्ष | 1,70,000 |
| (ii) | सुधीर (ग्राहक) द्वारा बैंक में सीधे जमा | 12,000 |
| (iii) | निर्गमित चेक जो भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं हुए | 83,000 |
| (iv) | चेक रोकड़ बही में लिखे गए परन्तु बैंक नहीं भेजे | 42,000 |

11. Explain any three of the following : 6

(i) Full Disclosure Principle

(ii) Money Measurement Principle

(iii) Materiality Principle

(iv) Accounting Period Principle.

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन स्पष्ट कीजिए –

(अ) पूर्ण प्रकटीकरण सिद्धांत

(ब) मुद्रा माप सिद्धांत

(स) सारता सिद्धांत

(द) लेखावधि सिद्धांत

12. Rectify the following errors : 6

(i) Sold old furniture to A for ₹ 11,500 was passed through the Sales Book.

(ii) Credit purchases of ₹ 12,000 from Ojas omitted to be recorded in the books.

(iii) Repair made were debited to Building Account ₹ 7,000.

(iv) Credit sale of ₹ 1,800 to Avikan was recorded as ₹ 8,100.

(v) ₹6,000 paid for office furniture was debited to office expense account.

(vi) A credit sale of goods of ₹15,000 to Ramesh has been wrongly passed through the Purchases Book.

निम्नलिखित अशुद्धियों में सुधार कीजिए –

(i) A को ₹11,500 में बेचा गया पुराना फर्नीचर विक्रय बही में लिखा गया।

(ii) ₹12,000 की ओजस से उधार क्रय पुस्तकों में नहीं लिखी गई।

(iii) ₹7,000 की मरम्मत को भवन खाते में डेबिट किया गया।

(iv) अविकान को ₹1,800 का विक्रय ₹8,100 लिखा गया।

(v) कार्यालय फर्नीचर के लिए दिए गए ₹6,000 को कार्यालय व्यय खाते में लिखा गया।

(vi) ₹15,000 की उधार विक्रय रमेश को की गई परंतु क्रय पुस्तक में लिखी गई।

13. A firm purchased on January 1, 2015 a machinery for ₹1,70,000 and spent ₹30,000 on its installation. On June 30, 2016, another machinery costing ₹2,00,000 was purchased. On October 31, 2016 machinery bought on January 1, 2015 was sold off for ₹ 1,50,000 and a new machinery for ₹3,00,000 purchased on the same date. Depreciation is provided annually on 31st December @ 10% p.a. on written down value method. Show machinery account of 2015 and 2016. 6

एक फर्म ने एक मशीनरी 1 जनवरी, 2015 को ₹1,70,000 में खरीदी और ₹30,000 उसकी स्थापना में खर्च किये। 30 जून, 2016 को एक दूसरी

मशीनरी ₹2,00,000 में खरीदी गई। 31 अक्टूबर, 2016 को पहली मशीनरी जो 1 जनवरी, 2015 में खरीदी थी, ₹1,50,000 में बेच दिया गया और उसी दिनांक को एक नई मशीनरी ₹3,00,000 में खरीदी गई। ह्रास की वार्षिक दर 10% घटते हुए शेष विधि द्वारा लगाई जाती है। 2015 एवं 2016 का मशीनरी खाता बनाइए।

14. (i) Distinguish between a Bill of Exchange and a Promissory Note, on the following basis : 4+4=8

(a) Drawer (b) Acceptance

(c) Parties (d) Order and Promise

(ii) Write note on the following :

(a) Dishonour of the bill

(b) Endorsement of the Bill

**OR**

On April 15, 2016, Neeraj sold goods for ₹ 70,000 to Parmesh and draw upon later a bill for the same amount payable after 3 months. The bill was accepted by Parmesh. Neeraj discounted the bill from bank for ₹ 67,000 on 30th April, 2016. On maturity, the bill was dishonoured. Parmesh agreed to pay ₹ 30,000 in cash including ₹ 2,000 interest and accepted a new bill for 3 months. The new bill was endorsed to Rajesh in full settlement of his account ₹ 45,000. It was duly met on maturity.

Give the Journal entries in the books of Neeraj.

(i) विनिमय बिल एवं प्रतिज्ञा पत्रमें निम्नलिखित आधारों पर अंतभेंद कीजिए –

(क) लेखक (ख) स्वीकृति

(ग) पक्ष (ग) आदेश तथा प्रतिज्ञा

(ii) निम्न पर नोट लिखिए –

(क) बिल का अनादरण

(ख) बिल का बेचान

**अथवा**

15 अप्रैल, 2016 को नीरज ने परमेश को ₹ 70,000 का माल विक्रय किया तथा उस पर तीन महीने बाद देय, विपत्र समान राशि के लिए लिखा। परमेश द्वारा बिल स्वीकार किया गया। 30 अप्रैल, 2016 को यह बिल ₹ 67,000 पर बैंक से भुनाया गया। परिपक्वता तिथि पर यह बिल अनादृत हो गया। बाद में परमेश ₹30,000 नकद ₹2,000 ब्याज सहित दिए तथा शेष राशि के लिए 3 महीने के लिए नया बिल स्वीकृत किया। नया बिल नीरज ने अपने लेनदार

राजेश को देय ₹45,000 के समक्ष बेचान कर दिया। परिपक्वता तिथि पर परमेश ने बिल का भुगतान कर दिया।

नीरज की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

## Part 'B' : (Financial Accounting)

## भाग 'ख' : (वित्तीय लेखांकन)

15. On what basis Income and Expenditure A/c is prepared? 1

आय–व्यय खाता किस आधार पर तैयार किया जाता है?

16. Write any one advantage of Tailor-made software. 1

टेलर–मेड (किसी के द्वारा तैयार) सॉफ्वेयर का कोई एक लाभ लिखिए।

17. Write any three limitations of Readymade software. 3

पूर्व–निर्मित सॉफ्टवेयर की कोई तीन सीमाएँ लिखिए।

18. Calculate cost of goods sold from the following : 3

| | | | |
|---|---|---|---|
| Opening Stock | ₹ 40,000 | Wages & Salaries | ₹ 10,000 |
| Net Purchases | ₹ 50,000 | Rent Paid | ₹ 15,000 |
| Net Sales | ₹ 1,90,000 | Closing Stock | ₹ 15,000 |

निम्नलिखित से विक्रय किये गये माल की लागत ज्ञात कीजिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक रहतिया | ₹ 40,000 | मजदूरी व वेतन | ₹ 10,000 |
| शुद्ध क्रय | ₹ 50,000 | दिया गया किराया | ₹ 15,000 |
| शुद्ध विक्रय | ₹ 1,90,000 | अन्तिम रहतिया | ₹ 15,000 |

19. Ravi, who keeps his books on Single Entry System, had his capital on 31st March, 2016 ₹ 20,000 and on 1st April, 2015 was ₹16,700. He further informs that during the year, he withdrew for his personal expenses ₹9,400. He also sold his personal investment of ₹10,000 at 15% premium and brought that money into the business.

Prepare a statement of Profit or Loss. 4

एकल प्रविष्टि प्रणाली के अनुसार अपनी पुस्तकें रखने वाले रवि की पूँजी 31 मार्च, 2016 को ₹20,000 तथा 1 अप्रैल, 2015 को ₹16,700 थी। साल के दौरान, व्यक्तिगत खर्चों के लिए, उसने ₹9,400 आहरण किये। साथ ही, अपनी नीजी निवेश, जिसका मूल्य ₹10,000 था, को 15% आधिक्य में बेचा और प्राप्त राशि को व्यवसाय में लगाया।

लाभ–हानि विवरण बनाइए।

20. Explain the accounting treatment of these items of 'Not-for profit organisation' : 4

(i) Legacy (ii) Entrance Fees

गैर–लाभकारी संगठनों की इन मदों का लेखांकन व्यवहार स्पष्ट कीजिए–

(i) वसीयत में प्राप्त राशि (ii) प्रवेश शुल्क

21. SAVERA Club decided to impart Marshal training and safety tips to all girls and women of the city to protect them against rising crime and empowering them to protect themselves in dangerous situations. Following is the information relating to subscriptions for the year ended 31st March, 2016 of the Club :

| | |
|---|---|
| Subscriptions received during 2015-16 | ₹70,000 |
| Subscription outstanding on 31st March, 2015 | ₹17,000 |
| Subscriptions received in Advance on 31st March, 2015 | ₹3,250 |
| Subscriptions received in Advance on 31st March, 2016 | ₹4,670 |
| Subscriptions outstanding on 31st March, 2016 | ₹11,250 |

(i) Identify the values highlighted above.

(ii) How will you show the subscription in Income and Expenditure A/c for the year ended on 31st March, 2016? 1+3=4

सवेरा क्लब ने सभी लड़कियों एवं महिलाओं को मार्शल ट्रेनिंग एवं सुरक्षा निर्देशों के बारे में बताने एवं प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया ताकि शहर में बढ़ते अपराधों से उन्हें सुरक्षित रखा जा सके तथा विकट परिस्थितियों में उन्हें सक्षम बनाया जा सके। इस क्लब के 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अभिदान सम्बन्धित निम्न सूचनाएँ दी गई है–

| | |
|---|---|
| 2015–16 के अंतर्गत प्रापत अभिदान | ₹70,000 |
| 31 मार्च, 2015 को अप्राप्य अभिदान | ₹17,000 |
| 31 मार्च, 2015 को अग्रिम अभिदान | ₹3,250 |
| 31 मार्च, 2016 को अग्रिम अभिदान | ₹4,670 |
| 31 मार्च, 2016 को अप्राप्य अभिदान | ₹11,250 |

(i) उपरोक्त में दर्शाए मूल्यों को पहचानिए।

(ii) आय व व्यय खाते में 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष में अभिदान केसे दर्शाएँगे?

22. (i) Write the name of any two input devices.

(ii) What do you understand by M.I.S.?

(iii) Write any four differences between Manual and Computerised Accounting System. 1+1+4=6

(i) किन्हीं दो इनपुट उपकरणों के नाम लिखिए।

(ii) M.I.S. से आप क्या समझते हैं?

(iii) मानवीय तथा कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली में कोई चार अंतर लिखिए।

23. Following is the Receipts and Payments Account of Delhi health Club for the year ended 31st December, 2016 :

**Receipt and Payment Accounts**

**for the year ending on 31st December, 2016**

**Dr.** **Cr.**

| **Receipt** | ₹ | **Payment** | ₹ |
|---|---|---|---|
| To Balance b/d | 98,000 | By Furniture | 21,000 |
| To Donations for Building | 4,00,000 | By Vehicles | 1,00,000 |
| To Entrance fees | 1,50,000 | By Salaries | 80,000 |
| To Subscription | 92,000 | By Sundry Expenses | 5,000 |
| To Locker Rent | 10,000 | By Building | 4,00,000 |
| To Interest on Investment | 10,000 | By Investment | 80,000 |
| To Sale of Vehicles | 78,000 | (Purchased on | |
| (Book value 90,000) | | April, 2016 | |
| | | @ 20% p.a.) | |
| | | By Bal. c/d | 1,52,000 |
| | **8,38,000** | | **8,38,000** |

**Additional Information :**

(i) Donations for Building include 20% general donations.

(ii) During the year, the club had 600 members and each paying an annual subscription of ₹200.

(iii) Outstanding salaries as at January 1, 2016 were ₹ 15,000 and as on December 31, 2016 were ₹ 18,000.

Prepare Income and Expenditure Account of the club for the year ended 31st December, 2016.

31 दिसम्बर, 2016 को दिल्ली हेल्थ क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता निम्न दिया गया है–

**प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

**31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त वर्ष**

**Dr.** **Cr.**

| **Receipt** | ₹ | **Payment** | ₹ |
|---|---|---|---|
| आरंभिक शेष | 98,000 | फर्नीचर | 21,000 |
| भवन के लिए दान | 4,00,000 | वाहन | 1,00,000 |
| प्रवेश शुल्क | 1,50,000 | वेतन | 80,000 |
| अभिदान | 92,000 | अन्य खर्च | 5,000 |
| लॉकर किराया | 10,000 | भवन | 4,00,000 |
| निवेश पर ब्याज | 10,000 | निवेश ( 20%वार्षिक) | 80,000 |
| वाहन की बिक्री | 78,000 | (1 अप्रैल, 2016 को खरीद) | |
| (पुस्तक मूल्य 90,000) | | अन्तिम शेष | 1,52,000 |
| | **8,38,000** | | **8,38,000** |

**अतिरिक्त सूचनाएँ –**

(i) भवन के लिए प्राप्त दान में 20% सामान्य दान शामिल है।

(ii) वर्ष के दौरान, क्लब के 600 सदस्य थे और प्रत्येक को ₹ 200 का वार्षिक अभिदान देना था।

(iii) जनवरी 1, 2016 को अदत्त वेतन ₹ 15,000 तथा दिसम्बर 31, 2016 को ₹ 18,000 था।

31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए क्लब का आय–व्यय खाता बनाइए।

24. Prepare Trading and Profit and Loss Account and Balance Sheet from the following Trial Balance and information as on 31st December, 2016:

| Name of Account | Dr. (₹) | Cr. (₹) |
|---|---|---|
| Stock (1st January, 2016) | 16,000 | |
| Sales | | 7,00,000 |
| Purchases | 3,00,000 | |
| Wages | 40,000 | |
| Rent and Rates | 30,000 | |
| Salaries | 46,000 | |
| Insurance | 15,000 | |
| Machinery | 72,000 | |
| Building | 11,50,000 | |
| Capital less Drawing | | 6,00,000 |
| Sundry Debtors | 65,000 | |
| Sundry Creditors | | 32,000 |
| Furniture | 36,000 | |
| Cash in Hand | 14,400 | |
| Bad Debts | 5,000 | |
| Bank | 12,000 | |
| General Expenses | 5,000 | |
| Secured Loan | | 4,78,000 |
| Carriage Inwards | 3,600 | |
| **Total** | **18,10,000** | **18,10,000** |

**Adjustments :**

(I) Closing Stock was valued at ₹ 15,000.

(ii) Depreciation on Machinery @ 10% p.a.

(iii) Make a provision @ 5% for Doubtful Debts.

(iv) Provide 2½% discount on debtors.

(v) Prepaid insurance ₹ 1,200.

(vi) Outstanding salaries ₹ 11,800.

Or

Give Journal entries for the following adjustments in final accounts :

(I) Outstanding wages ₹ 3,000.

(ii) Rent received during the year ₹ 24,000 (include rent of ₹ 3,000 relates to next year).

(iii) Loss by fire ₹ 40,000 (fully insured from AVL Ltd.).

(iv) ₹ 6,000 worth furniture taken by owner for personal use.

(v) Distributed goods ₹ 12,000 as free sample.

(vi) Closing Stock as on 31st December, 2016 ₹ 70,000 (Market value ₹ 65,000).

(vii) Insurance premium amounted ₹ 20,000 paid in advance.

(viii) Create 5% provisions for doubtful debts on Sundry debtors ₹ 40,000.

निम्न तलपट तथा सूचनाओं से 31 दिसम्बर, 2016 को व्यापार तथा लाभ–हानि खाता एवं स्थिति विवरण तैयार कीजिए–

| **खाते का नाम** | **डेबिट (₹)** | **क्रेडिट (₹)** |
|---|---|---|
| स्कंध (1 जनवरी, 2016) | 16,000 | |
| विक्रय | | 7,00,000 |
| वक्रय | 3,00,000 | |
| मजदूरी | 40,000 | |
| किराया एवं दरें | 30,000 | |
| वेतन | 46,000 | |
| बीमा | 15,000 | |
| मशीनरी | 72,000 | |
| भवन | 11,50,000 | |
| पूँजी (आरहण घटाने के बाद) | | 6,00,000 |
| देनदार | 65,000 | |
| लेनदार | | 32,000 |
| फर्नीचर | 36,000 | |
| हस्तस्थ रोकड़ | 14,400 | |
| डूबत ऋण | 5,000 | |
| बैंक | 12,000 | |
| सामान्य खर्चे | 5,000 | |
| सुरक्षित ऋण | | 4,78,000 |
| आवक भाड़ा | 3,600 | |
| **कुल योग** | **18,10,000** | **18,10,000** |

समायोजन :

(I) अंतिम स्कंध का मूल्यांकन ₹15,000 किया गया।

(ii) मशीनरी पर मूल्य ह्रास 10% प्रति वर्ष की दर से लगाइए।

(iii) 5% की दर से संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान कीजिए।

(iv) 2½% की दर से देनदारों पर छूट दीजिए।

(v) अग्रिम बीमा ₹1,200.

(vi) अदत्त वेतन ₹11,800.

अथवा

अंतिम खातों में निम्न समायोजों के लिए रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए –

(I) अदत्त मजदूरी ₹3,000.

(ii) वर्ष में ₹24,000 किराया प्राप्त किया जिसमें ₹3,000 अगले वर्ष के हैं।

(iii) आग से नुकसान ₹40,000 जो कि AVL लिमिटेड से पूर्णतया बीमित है।

(iv) व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹6,000 का फर्नीचर ले जाया गया।

(v) ₹12,000 का सामान मुफ्त सैंपल के रूप में वितरित किया।

(vi) अंतिम स्कंध 31 दिसम्बर, 2016 को ₹ 70,000 था जिसका बाजार मूल्य ₹ 65,000 था।

(vii) ₹ 20,000 का बीमा प्रीमियम अग्रिम दिया गया।

(viii) ₹ 40,000 के देनदारों पर 5% की दर से संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान किया।